संख्या-5/1/2018-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 31 दिसम्बर, 2018

प्रेस विज्ञप्ति

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - नवम्बर, 2018

नवम्बर, 2018 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 302 (तीन सौ दो) अंको के स्तर पर स्थिर रहा। सूचकांक में अक्तूबर एवं नवम्बर, 2018 के बीच स्थिरता बनी रही जो पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच (+) 0.35 प्रतिशत थी।

सूचकांक में दर्ज कमी में अधिकतम योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (-) 0.14 बिंदु प्रतिशत्ता से प्रभावित किया। मदों में नारियल का तेल, दूध, केला, सेब, हरी मिर्च, बैंगन, बंद गोभी, गाभी, फ्रेंच बीन, लौकी, हरा धनिया, मेथी, पालक, आलू, मूली, टमाटर, पेट्रोल, इत्यादि सूचकांक में कमी के लिए सहायक रहे। इसके विपरीत, चावल, गेंहू, गेंहू आटा, अरहर दाल, अण्डे (मुर्गी), ताजी मछली, बकरे का मांस, प्याज, दवाइयां (एलोपेथी), सिनेमा प्रभार, फूल/फूल मालाएं, इत्यादि ने सूचकांक में कमी को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

अक्तूबर, 2018 के लिए सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 5.23 प्रतिशत तथा गत वर्ष के नवम्बर माह के 3.97 प्रतिशत की तुलना में इस माह 4.86 प्रतिशत रही। वैसे ही, खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के (-) 0.95 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 3.91 प्रतिशत की तुलना में (-) 1.57 प्रतिशत रही।

केन्द्र-स्तर पर, हावड़ा एवं अमृतसर के सूचकांक में (5 अंक प्रत्येक) की अधिकतम कमी रही जिसके बाद जयपुर (4 अंक) रहा। अन्य में, 7 केन्द्रों में 3 अंक, 6 केन्द्रों में 2 अंक तथा 21 केन्द्रों में 1 अंक की कमी रही। इसके विपरीत जालंधर में 9 अंक की अधिकतम वृद्धि रही जिसके बाद मदुरई एवं चेन्नई (6 अंक प्रत्येक) और कोडर्मा में (5 अंक) की वृद्धि रही। अन्य 3 केन्द्रों में 3 अंक, 4 केन्द्रों में 2 अंक तथा 13 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। शेष 17 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

37 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक से ऊपर तथा 41 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी दिसम्बर, 2018 माह के लिए दिन गुरूवार, जनवरी 31, 2019 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www. labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(अमृत लाल जांगिड़)
उप निदेशक